भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 697

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

हिमाचल प्रदेश में हर्बल पार्क की स्थापना

697. डॉ. राजीव भारद्वाज:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में हर्बल पार्क स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में हर्बल पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, हालांकि 'राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड', आयुष मंत्रालय "औषधीय पादपों का संरक्षण, विकास एवं सतत प्रबंधन पर केंद्रीय क्षेत्रीय योजना" कार्यान्वित कर रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के हर्बल गार्डन जैसे स्कूल हर्बल गार्डन, सांस्थानिक/पब्लिक हर्बल गार्डन और राज्य तथा राष्ट्रीय महत्व के हर्बल गार्डन विकसित करने के लिए परियोजना आधारित सहयोग प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****